# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

**Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi**

संशोधित

## प्रवेश–सूचना विवरणिका
## Entrance-Information Brochure

स्नातक / स्नातकोत्तर / व्यावसायिक / एम0फिल0 पाठ्यक्रम

प्रवेश परीक्षा – सत्र 2015–2016

**Under Graduate/Post Graduate/Professional/M.Phil. Courses**

**Entrance Examination 2015-16**

# प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ

- परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर आनलाइन भरने की तिथि– : **25 मार्च, 2015 से**
- **इलाहाबाद बैंक** के किसी शाखा में चालान के माध्यम से जमा करने की अन्तिम तिथि : **30 अप्रैल, 2015 तक**
- परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर आनलाइन भरने की अन्तिम तिथि– : **04 मई, 2015 तक**

नोटः **अन्तिम तिथि 04 मई, 2015 के बाद किसी भी दशा प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाइन आवेदन पत्र नहीं भरा जा सकेगा।**

# प्रवेश परीक्षा शुल्क विवरण

- **स्नातक पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश प्रकिया/परीक्षा शुल्क :**
  1. सामान्य एवं अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों हेतु : **रू0 500/**
  2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु : **रू0 400/**
- **स्नातकोत्तर/व्यवसायिक/एम0फिल0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश प्रकिया/परीक्षा शुल्क :**
  1. सामान्य एवं अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों हेतु : **रू0 600**
  2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु : **रू0 500**

नोटः

प्रवेश परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के वेबसाइट से ई–चालन जनरेट कर उसकी प्रिन्ट आउट निकालने के 24 घण्टे बाद इलाहाबाद बैंक की देश की किसी भी शाखा में जमा किया जा सकता है। ई–चालन के माध्यम से शुल्क जमा करने के 24 घण्टे के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आनलाइन प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र भरा जा सकता है।

# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

## प्रवेश परीक्षा समय–सारणी 2015–16

### स्नातक पाठ्यक्रम

| क्र0सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | बी0एस–सी0 | 02–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 2. | बी0एफ0ए0 | 02–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 3. | बी0 म्यूज | 02–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 4. | बी0काम0 | 03–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 5. | बी0ए0 आनर्स (मास कम्यूनिकेशन) | 07–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 6. | बी0ए0 | 07–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |

### स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

| क्र0सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 13. | एम0ए0– संस्कृत | 02–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 14. | एम0ए0– दर्शन | 02–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 15. | एम0ए0– मास कम्यूनिकेशन | 02–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 16 | एम0ए0/एम0एस0सी0– सांख्यिकी | 02–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 17. | एम0ए0– सम्पोषी ग्रामीण विकास | 02–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 18. | एम0ए0– उर्दू | 02–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 5. | एम0ए0– गांधी अध्ययन | 02–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 7. | एम0एस0डब्ल्यू0 | 02–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 1. | एम0ए0– समाजशास्त्र | 04–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 2. | एम0ए0– अर्थशास्त्र | 04–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 3. | एम0ए0– राजनीति विज्ञान | 04–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 4. | एम0ए0– मनोविज्ञान | 04–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 9. | एम0ए0– हिन्दी | 05–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 10. | एम0ए0– अंग्रेजी | 05–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 20. | पी0जी0डी0सी0ए0 | 05–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 11. | एम0ए0– इतिहास | 05–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 12. | एम0ए0– इतिहास (पुरातत्व) | 05–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 6. | एम0काम0 | 06–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 8. | एम0एफ0ए0 | 06–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 19. | एम0जे0 (एम0सी0) | 06–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 21. | एम0ए0 (आई0आर0पी0एम0) | 06–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 22. | एम0म्यूज0 | 06–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 23. | एम0ए0/एम0एस0सी0– भूगोल | 06–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |

### व्यावसायिक पाठ्यक्रम

| क्र0सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | बी0लिब0आई0एस0सी0 | 03–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 2. | एल–एल0बी0 | 03–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 3. | एल–एल0एम0 | 03–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 4. | एम0पी0एड0 | 04–06–2015 | प्रातः 8:00 से 10:00 बजे |
| 5. | एम0टी0ए0 (मास्टर ऑफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन) | 05–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 6. | एम0एड0 | 06–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 7. | बी0पी0एड0 | 07–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |

**नोट**–आवेदन–पत्रों की संख्या निर्धारित प्रवेश स्थानों के दुगने से कम होगी तो उस विषय में प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जायेगा। ऐसी दशा में विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष अर्हकारी परीक्षा के आधार पर योग्यताक्रम से अन्य सभी नियमों का अनुपालन करते हुए प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रकिया/परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

# एम0फिल0 पाठ्यक्रम

| क्र0सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | 07–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 2. | संस्कृत | 07–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 3. | पत्रकारिता | 07–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 4. | ललितकला (चित्रकला, व्यावहारिक कला, मूर्तिकला) | 07–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 5. | मंचकला (संगीत) | 07–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 6. | समाजशास्त्र | 07–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 7. | राजनीति विज्ञान | 07–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |
| 8. | मनोविज्ञान | 07–06–2015 | अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे |

नोट–

1. जिन पाठ्यक्रमों में आवेदन–पत्रों की संख्या निर्धारित प्रवेश स्थानों के दुगने अथवा उससे कम है उन पाठ्यक्रमों में आवेदन पत्र भरे अभ्यर्थी दिनांक 15 जून, 2015 तक अपने पाठ्यक्रम से सम्बन्धित संकाय/विभाग/संस्थान में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर लें क्योंकि सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 08 जुलाई, 2015 तक पूर्ण कर ली जायेगी।
2. एम0फिल0 मंचकला (संगीत) की प्रायोगिक परीक्षा के तिथि की जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागाध्यक्ष– मंचकला विभाग से सम्पर्क कर सूचना प्राप्त करेंगे।

# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

## स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा – सत्र 2015–2016

## प्रवेश सूचना

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी में सत्र 2015–2016 में विभिन्न स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

### I–स्नातक पाठ्यक्रम सीट संख्या तथा शुल्क विवरण
### (DETAILS OF UNDERGRADUATE COURSES - SEAT NO., COURSE CODE AND FEE STRUCTURE)

सभी नियमित पाठ्यक्रमों में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित शुल्क देय होगा। विभिन्न नियमित तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के वार्षिक शुल्क एवं शैक्षिक अर्हता का विवरण तालिका में प्रस्तुत किया जा रहा है :–

तालिका/**Table**

| पाठ्यक्रम/**Course** | | पाठ्यक्रम कोड/ **Course Code** | सीट संख्या/ **No. of Seats** | | वार्षिक शुल्क विवरण/ **Annual Fee Structure** | | व्यावहारिक शुल्क/प्रयोगशाला शुल्क/ अतिरिक्त शुल्क/ **Practical Fee/ Laboratory Fee/Additional Fee** रू0/**Rs.** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संस्थागत/ **Regular** | पेमेंट सीट/ **Payment Seats** | संस्थागत/ **Regular** रू0/**Rs.** | पेमेंट सीट/ **Payment Seats** रू0/**Rs** | |
| बी0ए0 **B.A.** | | 101 | 750 | 188 | 2,055/– | 6,860/– | व्यावहारिक अंग्रेजी/ Functional English – 1000/- मनोविज्ञान/ Psychology – 100/- |
| बी0काम0 **B.Com.** | | 102 | 125 | 32 | 2,105/– | 6,910/– | कम्प्यूटर लेने वाले छात्र 1,000/– अतिरिक्त शुल्क देंगे/ Students opting for computers will pay additional fee of Rs.1,000/- |
| बी0म्यूज0 **B.Mus.** गायन एवं वादन (तबला, सितार) | | 103 | 20 | 05 | 3,185/– | 6,910/– | |
| बी0एफ0ए0 **B.F.A.** | | 104 | 40 | 10 | 3,185/– | 6,910/– | |
| बी0एस–सी0 (स्ववित्तपोषित) **B.Sc. (Self Financed)** | मैथ ग्रुप | 105 | .. | 135* | .. | 7010/– | प्रायोगिक शुल्क अतिरिक्त रूप से देय होगा। |
| | बायो ग्रुप | 106 | .. | 60* | .. | 7010/– | |
| | टेक्सटाइल एण्ड हैण्डलूम | 107 | .. | 60* | .. | 10,955/– | |
| बी0ए0 आनर्स (मास कम्युनिकेशन) | | 108 | 90 | 30 | 2,055/– | 6,860/– | |

**नोटः–** 1.स्नातक गृह विज्ञान की छात्राओं के लिए प्रायोगिक शुल्क अलग से देय होगा।
2.जिस पाठ्यक्रम की सीट संख्या पर * अंकित है, उस पाठ्यक्रम की वह सीट संख्या स्ववित्त पोषित है।

## II – परास्नातक पाठ्यक्रम, सीट संख्या, पाठ्यक्रम कोड एवं शुल्क विवरण
## (DETAILS OF POSTGRADUATE COURSE, SEAT NO., COURSE CODE AND FEE STRUCTURE)

**तालिका/Table**

| पाठ्यक्रम/Course of Study | विषय कोड Subject Code | सीट संख्या No. of Seats | | वार्षिक/सेमेस्टर शुल्क विवरण Annual/Semester Fee | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नियमित Regular | पेमेंट Payment | नियमित Regular | पेमेंट Payment |
| एम0ए0– हिन्दी/M.A.- Hindi | 201 | 100 | 15 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– संस्कृत/M.A. - Sanskrit | 202 | 100 | 15 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– अंग्रेजी/M.A. - English | 203 | 100 | 30 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– उर्दू/M.A. - Urdu | 204 | 50 | 10 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– दर्शन/M.A. - Philosophy | 205 | 60 | 10 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– इतिहास/M.A. - History | 206 | 150 | 25 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– अर्थशास्त्र/M.A. - Economics | 207 | 150 | 25 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– राजनीति विज्ञान/M.A. – Political Science | 208 | 100 | 25 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– समाजशास्त्र/M.A. - Sociology | 209 | 150 | 25 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– मनोविज्ञान/M.A. - Psychology | 210 | 40 | 10 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0– गांधी अध्ययन/M.A. – Gandhian Studies | 211 | 20 | 05 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0एस0डब्ल्यू0/M.S.W. | 212 | 66 | 10 | 3,110/- | 9,470/- |
| एम0काम0/M.Com. | 213 | 80 | 15 | 2,565/- | 8,270/- |
| एम0एफ0ए0/M.F.A. | 214 | -- | 40* | -- | 9,420/- |
| एम0जे0 (एम0सी0)/M.J. (M.C.) | 215 | 30 | 30* | 4,835/- | 16,700/- |
| पी0जी0डी0सी0ए0/P.G.D.C.A. कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग | 216 | 15 | 05 | 5,835/- | 20,000/- |
| एम0ए0 (आई0आर0पी0एम0/M.A. – (I.R.P.M) | 217 | - | 100* | - | 15,200/- |
| एम0म्यूज0/M.Mus. | 218 | - | 25* | - | 9,420/- |
| एम0ए0– इतिहास (पुरातत्व) | 219 | | 50* | | 8,200/- |
| एम0ए0– सम्पोषी ग्रामीण विकास | 220 | | 30* | | 15,200/- |
| एम0ए0– मास कम्यूनिकेशन | 221 | 45 | 15 | 2,515/- | 8,220/- |
| एम0ए0/एम0एस0सी0– सांख्यिकी | 222 | 15 | 15 | 3,115/- | 9,470/- |
| एम0ए0/एम0एस0सी0– भूगोल | 223 | -- | 80 | - | 8,200/- (रू01000/– प्रायोगिक शुल्क अतिरिक्त) |

**नोटः–** जिस पाठ्यक्रम की सीट संख्या पर * अंकित है, उस पाठ्यक्रम की वह सीट संख्या स्ववित्त पोषित है।

## III – व्यावसायिक पाठ्यक्रम, सीट संख्या, पाठ्यक्रम कोड एवं कालेज कोड का विवरण
## (DETAILS OF PROFESSIONAL COURSE, SEAT NO., COURSE CODE AND COLLEGE CODE)

सत्र 2015–2016 में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। पाठ्यक्रम कोड एवं उसके नाम के साथ ही विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के कोड संख्या सहित निर्धारित सीटों का विवरण अधोलिखित है–

**पाठ्यक्रम का नाम एवं कोड संख्या**

| कोड संख्या | पाठ्यक्रम का नाम | कोड संख्या | पाठ्यक्रम का नाम |
|---|---|---|---|
| 401 | बी0पी0एड0 | 402 | एम0पी0एड0 |
| 403 | एम0एड0 | 404 | एल–एल0बी0 |
| 405 | बी0लिब0आई0एस0सी0 | 406 | एल–एल0एम0 |
| 407 | एम0टी0ए0 | 408 | एम0लिब0 |

**विश्वविद्यालय/सम्बद्ध महाविद्यालयों का नाम एवं सीट संख्या**

**पाठ्यक्रम कोड : 401 – बी0पी0एड0**

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | सीट संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (परिसर) | 50 |
| 2. | कालिकाधाम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेवापुरी, वाराणसी | 50 |
| 3. | सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी महाविद्यालय, गहनी, वाराणसी | 100 |
| 4. | धीरेन्द्र महिला महाविद्यालय, कर्माजीतपुर, सुन्दरपुर, वाराणसी | 50 |
| 5. | बनारस इन्स्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजूकेशन, निबाह, पिण्डरा, वाराणसी | 50 |
| 6. | बाबूराम सिंह महाविद्यालय, खाड़पाथर, मुर्धवा (रेनूकूट), सोनभद्र | 50 |
| 7. | नरहेजी महाविद्यालय, नरही, रसड़ा, बलिया | 120 |
| 8. | श्री रामकरन पी0जी0 कालेज, भीमपुरा–1, बलिया | 50 |

**पाठ्यक्रम कोड : 402 – एम0पी0एड0**

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | सीट संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (परिसर) | 30 |

**पाठ्यक्रम कोड : 403 – एम0एड0**

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | सीट संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (परिसर) | 20 |
| 2. | इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन निबिया, बच्छावं, वाराणसी | 35 |
| 3. | श्रीमती फुलेहरा स्मारक महिला महाविद्यालय, कमतैला, रसड़ा, बलिया | 35 |

**पाठ्यक्रम कोड : 404 – एल–एल0बी0**

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | सीट संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (परिसर) | 60 |

**पाठ्यक्रम कोड : 405 – बी0लिब0आई0एस0सी0**

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | सीट संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (परिसर) | 40 |

**पाठ्यक्रम कोड : 406 – एल–एल0एम0**

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | सीट संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (परिसर) | 40 |
| 2. | महाराजा बलवन्त सिंह महाविद्यालय, गंगापुर, वाराणसी | 20 |

**पाठ्यक्रम कोड : 407 – मास्टर ऑफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन (एम0टी0ए0)**

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | सीट संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (परिसर) | 60 |

**पाठ्यक्रम कोड : 408 – एम0लिब0**

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | सीट संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (परिसर) | 20 |

नोटः– उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के समय शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

## सत्र 2015–16 में प्रवेश हेतु पाठ्यक्रमों की सूची

### एम0फिल0–स्ववित्तपोषित

| विषय/ पाठ्यक्रम कोड | विषय | सीट संख्या | शुल्क | अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 501 | हिन्दी | 30 | 10,100/– | *सम्बन्धित विषय में सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के लिए 55 प्रतिशत अंक के साथ एवं एस0सी0/एस0टी0 अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।* |
| 502 | संस्कृत | 60 | 10,100/– | |
| 503 | पत्रकारिता | 30 | 10,100/– | |
| 504 | ललितकला (चित्रकला, व्यवहारिक कला, मूर्तिकला) | 30 | 10,100/– | |
| 505 | मंचकला(संगीत) | 25 | 10,100/– | |
| 506 | समाजशास्त्र | 30 | 10,100/– | |
| 507 | राजनीति शास्त्र | 30 | 10,100/– | |
| 508 | मनोविज्ञान | 30 | 10,100/– | |

# एन0टी0पी0सी0 परिसर, शक्तिनगर, सोनभद्र

एन0टी0पी0सी0 परिसर के समस्त पाठ्यक्रमों की सभी सीट पेमेण्ट सीट है।

## स्नातक पाठ्यक्रम

## UNDERGRADUATE COURSES

| पाठ्यक्रम / **Course** | पाठ्यक्रम कोड / **Course Code** | सीट संख्या / **No. of Seats** | वार्षिक शुल्क विवरण / **Annual Fee Structure** रू0/**Rs** | व्यावहारिक शुल्क / प्रयोगशाला शुल्क / अतिरिक्त शुल्क / **Practical Fee/ Laboratory Fee/Additional Fee** रू0 / **Rs.** |
|---|---|---|---|---|
| बी0ए0 **B.A.** | 111 | 315 | 7,060 / — | मनोविज्ञान / भूगोल / गृहविज्ञान / पत्रकारिता लेने वाले छात्र को प्रायोगिक शुल्क रू01000/- अतिरिक्त देय होगा। |
| बी0काम0 **B.Com.** | 112 | 150 | 7,210 / — | कम्प्यूटर लेने वाले छात्र 1,000 / — अतिरिक्त शुल्क देय होगा / Students opting for computers will pay additional fee of Rs.1,000/- |
| बी0एफ0ए0 **B.F.A.** | 114 | 50 | 7,210 / — | |

## परास्नातक पाठ्यक्रम

## POSTGRADUATE COURSE

| पाठ्यक्रम / **Course of Study** | विषय कोड / **Subject Code** | सीट संख्या / **No. of Seats** | वार्षिक / सेमेस्टर शुल्क विवरण **Annual/Semester Fee** |
|---|---|---|---|
| **एम0ए0 (आई0आर0पी0एम0 / M.A. – (I.R.P.M)** | 270 | 50 | 15,200/- |
| एम0एफ0ए0 / M.F.A. | 614 | 40 | 9,420/- |
| एम0ए0– हिन्दी / M.A.- Hindi | 271 | 50 | 8,420/- |
| एम0ए0– इतिहास / M.A. - History | 272 | 50 | 8,420/- |
| एम0ए0– अर्थशास्त्र / M.A. - Economics | 273 | 50 | 8,420/- |
| एम0ए0– राजनीति विज्ञान / M.A. – Political Science | 274 | 50 | 8,420/- |
| एम0ए0– समाजशास्त्र / M.A. - Sociology | 275 | 50 | 8,420/- |
| एम0एस0डब्ल्यू0 / M.S.W. | 276 | 40 | 16,400/- |
| एम0काम0 / M.Com. | 277 | 60 | 8,420/- |
| एम0जे0एम0सी0 / M.J.M.C. | 255 | 20 | 15,200/- |

नोटः वार्षिक / सेमेस्टर शुल्क के अतिरिक्त विकास शुल्क रू01,000 / — अतिरिक्त रूप से जमा करना होगा।

# गंगापुर परिसर, गंगापुर, वाराणसी

गंगापुर परिसर के समस्त पाठ्यक्रमों की सभी सीट पेमेण्ट सीट है।

## स्नातक पाठ्यक्रम
## UNDERGRADUATE COURSES

| पाठ्यक्रम / **Course** | पाठ्यक्रम कोड / **Course Code** | सीट संख्या / **No. of Seats** | वार्षिक शुल्क विवरण / **Annual Fee Structure** रू0/**Rs** | व्यावहारिक शुल्क / प्रयोगशाला शुल्क / अतिरिक्त शुल्क / **Practical Fee/ Laboratory Fee/Additional Fee** रू0 / **Rs.** |
|---|---|---|---|---|
| बी0ए0 **B.A.** | 601 | 540 | 7,160 / — | |
| बी0काम0 **B.Com.** | 602 | 120 | 7,210 / — | कम्प्यूटर लेने वाले छात्र 1,000 / — अतिरिक्त शुल्क देंगे / Students opting for computers will pay additional fee of Rs.1,000/- |
| बी0एफ0ए0 **B.F.A.** | 603 | 40 | 7,210 / — | |

गंगापुर परिसर में संचालित बी0ए0 पाठ्यक्रम में अधोलिखित विषय लिया जा सकता है—

1. भूगोल
2. समाजशास्त्र
3. राजनीति विज्ञान
4. इतिहास
5. हिन्दी
6. संस्कृत
7. अंग्रेजी
8. अर्थशास्त्र
9. गृहविज्ञान

## परास्नातक पाठ्यक्रम
## POSTGRADUATE COURSE

| पाठ्यक्रम / **Course of Study** | विषय कोड / **Subject Code** | सीट संख्या / **No. of Seats** | वार्षिक / सेमेस्टर शुल्क विवरण **Annual/Semester Fee** |
|---|---|---|---|
| एम0काम0 **M.Com.** | 670 | 60 | 8,370/- |

# IV–स्नातक पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश अर्हता
# (Eligibility for Admission in Under Graduate Courses)

- वर्ष 2013 के पूर्व इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी किसी भी स्नातक कक्षा में सत्र 2015–2016 में प्रवेश हेतु पात्र नहीं होंगे।
- पाठ्यक्रम कोड संख्या– 101 या 111 या 601 के लिए इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- पाठ्यक्रम कोड संख्या– 102 या 112 या 602 के लिए इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा वाणिज्य वर्ग/कला वर्ग अर्थशास्त्र विषय के साथ/विज्ञान वर्ग गणित के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इन पाठ्यक्रमों में इण्टरमीडिएट व्यवसायपरक शिक्षा तथा जीव विज्ञान संवर्ग विषय वाले छात्र प्रवेश के लिए अर्ह नहीं होंगे।
- पाठ्यक्रम कोड संख्या– 104 या 114 या 603 के लिए इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई 2015 को 22 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
- पाठ्यक्रम कोड संख्या– 105 के लिए इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा (भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा गणित के साथ) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- पाठ्यक्रम कोड संख्या– 106 के लिए इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा (भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान के साथ) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- पाठ्यक्रम कोड संख्या– 107 के लिए इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा (विज्ञान वर्ग) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- पाठ्यक्रम कोड संख्या –103 के लिए
  - मान्यता प्राप्त संस्था से इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण संगीत (गायन/वादन) विषय के साथ।
  - किसी भी मान्यता प्राप्त इण्टरमीडिएट स्तर के सांगीतिक ज्ञान में वरीयता दी जायेगी–
    - काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से तीन वर्षीय डिप्लोमा

      **या**
    - म0गां0 काशी विद्यापीठ से एक वर्षीय सर्टिफिकेट

      **या**
    - प्रयाग संगीत समिति की चार वर्षीय जूनियर डिप्लोमा

      **या**
    - भातखण्डे समवर्ती विश्वविद्यालय से चार वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण

      **या**
    - यू0जी0सी0 मान्यता प्राप्त अन्य संगीत संस्थान से इण्टरमीडिएट समकक्ष डिप्लोमा।

# V - स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश अर्हता
# (Eligibility for Admission in Post Grsduate Courses)

- वर्ष 2013 के पूर्व स्नातक/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी किसी भी स्नातकोत्तर कक्षा में सत्र 2015–2016 में प्रवेश हेतु पात्र नहीं होंगे।
- पाठ्यक्रम कोड संख्या 201 से 210 तथा 219, 222 एवं 223 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को सम्बन्धित विषय सहित त्रिवर्षीय स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है एवं कोड संख्या– 207 में प्रवेश हेतु उक्त के अतिरिक्त बी0काम0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।
- पाठ्यक्रम कोड 211, 212 ,215, 217, 220, एवं 221में त्रिवर्षीय स्नातक/समकक्ष परीक्षा (व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को छोड़कर) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- पाठ्यक्रम कोड 213 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को बी0काम0 परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- पाठ्यक्रम कोड 214 के लिए बी0एफ0ए0 परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

- पाठ्यक्रम कोड 216 के लिए इण्टरमीडिएट परीक्षा गणित विषय के साथ तथा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- पाठ्यक्रम कोड 217 अथवा 270 के लिए त्रिवर्षीय स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है?
- पाठ्यक्रम कोड 218 के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0म्यूज0 अथवा बी0ए0 (संगीत विषय के साथ) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**अथवा**

- **निम्नलिखित में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0म्यूज0 अथवा बी0ए0 (संगीत विषयों के साथ) –**

  **क–** भातखण्डे संगीत संस्थान से वी0पी0ए0 अथवा प्रबुद्ध (विशारद की उपाधि)
  **ख–** प्रयाग संगीत समिति की संगीत प्रभाकर उपाधि।
  **ग–** गान्धर्व विद्यालय बाम्बे की संगीत विशारद।
  **घ–** खैरागढ़ विश्वविद्यालय (छत्तीसगढ़) की बी0म्यूज0 अथवा संगीतविद उपाधि।

# VI – व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश अर्हता
# (Eligibility For Admission in Professional Courses)

- **बी0पी0एड0** – 55 प्रतिशत अंक के साथ शारीरिक शिक्षा एक मुख्य विषय के साथ स्नातक डिग्री

  **अथवा**

  45 प्रतिशत अंक के साथ शारीरिक शिक्षा एक वैकल्पिक विषय के साथ स्नातक डिग्री और भारतीय विश्वविद्यालय संघ या भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त खेलकूद या एथलेटिक्स में राष्ट्रीय या राज्य या अंतर्विश्वविद्यालयी प्रतिस्पर्धा में भागीदारी हो,

  **अथवा**

  45 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक डिग्री और खेलकूल या एथलेटिक्स में राष्ट्रीय या राज्य या अंतर्विश्वविद्यालयी प्रतिस्पर्धा में भागीदारी हो।

  अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गो के अभ्यर्थियों के लिए अर्हता में 05 प्रतिशत अंको की छूट अनुमन्य है।

- **बी0लिब0आई0एस0सी0** – इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
- **एल–एल0बी0** – इसमें प्रवेश के लिए स्नातक परीक्षा 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों को 5 प्रतिशत छूट अनुमन्य है।
- **एम0पी0एड0** – एम0पी0एड0 द्विवार्षिक पाठ्यक्रम के प्रवेश परीक्षा में वही अभ्यर्थी पात्र होंगे जो बी0पी0एड0/समकक्ष उपाधि में कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो।

  **या**

  बी0पी0ई0 (3 वर्ष) में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हों। अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थी को उक्त पाठ्यक्रम में कम से कम 45 प्रतिशत अंक के साथ अर्ह परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

- **एम0एड0** – प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए बी0एड0 परीक्षा 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए अर्हता 50 प्रतिशत अंकों की होगी।
- **एल–एल0एम0** – इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 55 प्रतिशत अंको के साथ एल–एल0बी0 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थी को उक्त पाठ्यक्रम में कम से कम 50 प्रतिशत अंक के साथ एल–एल0बी0 परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- **एम0टी0ए0** – इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए स्नातक/समकक्ष उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
- **एम0लिब0** – इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0लिब0आई0एस–सी0 परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## 1. आवेदन पत्र (Application Form)

**2.1** प्रवेश परीक्षा हेतुं निर्धारित आनलाइन आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट–**www.mgkvp.ac.in** भरने के पूर्व सूचना में दिये गये समस्त निर्देशों को भलीभांति पढ़कर उसका पालन करते हुए आवेदन–पत्र में सभी प्रविष्टियां सावधानी पूर्वक भरें।

**2.2** प्रत्येक संवर्ग श्रेणी के लिए कोड निर्धारित किये गये हैं। निर्देशानुसार आवेदन–पत्र को सावधानी के साथ भरा जाना चाहिए। इसमें की गई त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

**2.3** आनलाइन आवेदन–पत्र से पूर्व पर नवीनतम् खिंचवाई गई स्पष्ट फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन करने के अपने पास पेनड्राइव/सी0डी0 में सुरक्षित रख लें, आनलाइन आवेदन–पत्र भरत समय इसकी आवश्यकता पड़ेगी।

**2.4** यदि कोई अभ्यर्थी प्रवेश हेतु दो विषयों की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है तो उसे प्रत्येक विषय के लिए अलग–अलग आवेदन–पत्र भरना होगा। ऐसी दशा में उसे पहले ही प्रवेश परीक्षा की समय–सारिणी देखकर आवेदन करना चाहिए क्योंकि यदि दोनों विषयों की प्रवेश परीक्षा एक ही तिथि पर एक ही समय में होती है तो प्रवेशार्थी की सुविधा के लिए समय–सारिणी में परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

**2.5** अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश हेतु जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। किसी विषय में प्रवेश लेने के पश्चात् प्रवेश अथवा अन्य शुल्क न तो वापस किया जायेगा और न ही अन्य पाठ्यक्रम में स्थानान्तरित किया जायेगा।

**2.6** प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट–**www.mgkvp.ac.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

**2.7** प्रवेश लेते समय अभ्यर्थी को स्थानान्तरण/प्रवजन प्रमाण–पत्र तथा शपथ–पत्र अनिवार्यतः जमा करना होगा।

**2.8** यदि एक स्थान रिक्त हो और दो या उससे अधिक अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षा में बराबर अंक हो तो अर्हकारी परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा। किन्तु एम0एड0 एवं एम0पी0एड0 पाठ्यक्रम की स्थिति में अर्हकारी परीक्षा के सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।

**2.9** यदि किसी विषय में प्रवेश परीक्षा के आवेदन–पत्रों की संख्या निर्धारित प्रवेश स्थानों के दुगने से कम होगी तो उस विषय में प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जायेगा। ऐसी दशा में विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष अर्हकारी परीक्षा के आधार पर योग्यताक्रम से अन्य सभी नियमों का अनुपालन करते हुए प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रक्रिया/परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

**2.10** समाचार– पत्र मे अथवा विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर प्रकाशित अथवा पत्र द्वारा सूचित तिथि एवं समय पर अभ्यर्थी को काउंसिलिंग हेतु विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष से सम्पर्क करना अनिवार्य होगा। समाचार– पत्र मे अथवा विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर प्रकाशन के समय यदि कोई मुद्रण त्रुटि हो जाती है तो इसके आधार पर अभ्यर्थी किसी प्रकार का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा। प्रवेश के लिए सूचित तिथि एवं समय पर समस्त मूल प्रमाण–पत्रों एवं निर्धारित शुल्क सहित नहीं उपस्थित होने पर चयनित अभ्यर्थी का प्रवेशाधिकार स्वतः समाप्त हो जायेगा।

**2.11** यदि भूल से किसी ऐसे अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाती है और उसे प्रवेश–पत्र निर्गत कर दिया जाता है, जिसे प्रवेश परीक्षा में बैठने का अधिकार न हो अथवा वह अर्ह न हो अथवा किसी अन्य कारण से परीक्षा में सम्मिलित होने का पात्र न हो तो विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह उसकी परीक्षा में बैठने की अनुमति अथवा उसके परीक्षाफल को निरस्त कर दे।

**2.12** काउसिंलिंग के समय अर्हकारी परीक्षा की उत्तीर्णता का अंकपत्र तथा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## 2. आरक्षण (Reservation)

**3.1 आरक्षण संवर्ग–** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ी जाति के लिए क्रमशः 21, 02 तथा 27 प्रतिशत स्थान (कुल 50 प्रतिशत) आरक्षित हैं। इस आरक्षण का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र में यथा स्थान अधोलिखित तालिका को देखकर संवर्ग के साथ ही संवर्ग कोड लिखना होगा। प्रवेश हेतु चुने गये अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय जाति का मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। **अन्य पिछड़े वर्ग के लिये 01 जनवरी, 2015 के पूर्व निर्गत जाति प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।** केवल, नवीन निर्धारित प्रमाण–पत्र के प्रारूप पर प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा आरक्षण का लाभ नहीं दिया जायेगा।

- **नियमानुसार आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जो उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासी हों।**

**तालिका/Table**

| संवर्ग | कोड संख्या | संवर्ग | कोड संख्या |
|---|---|---|---|
| सामान्य | **01** | अनुसूचित जाति | **03** |
| अन्य पिछड़ी जातियां | **02** | अनुसूचित जनजाति | **04** |

### क्षैतिज आरक्षण/(Horizontal Reservation)

3.2 (क) विकलांग अभ्यर्थियों की सभी श्रेणियों (दृष्टिहीन/कम दृष्टि, श्रवण ह्रास एवं पालन निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात) के लिये पृथक–पृथक एक प्रतिशत (1%) स्थान कुल 03 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है।

(ख) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों के लिए कुल 02 प्रतिशत तथा सैनिक/भूतपूर्व सैनिक/जम्मू कश्मीर में तैनात सैनिक अथवा अर्द्धसैनिक आश्रित अथवा जम्मू कश्मीर से विस्थापित नागरिकों के आश्रितों के लिए कुल 05 प्रतिशत सीट सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है।

(ग) महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के स्थायी कर्मियों (शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक) के आश्रितों (यथा–पत्नी, पति, पुत्र, पुत्री) के लिए 5–5 प्रतिशत स्थान (कुल 10 प्रतिशत स्थान) सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित हैं। उक्त आरक्षण में प्राथमिकता का क्रम निम्नवत् होगा : सेवारत पूर्णकालिक स्थायी अध्यापक एवं कर्मचारियों को प्रथम वरीयता, सेवाकाल के दौरान मृत पूर्णकालिक स्थायी अध्यापक एवं कर्मचारी को द्वितीय वरीयता तथा सेवानिवृत्त पूर्णकालिक स्थायी अध्यापक एवं कर्मचारी आश्रितों को तृतीय वरीयता दी जायेगी। संदर्भित आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक विश्वविद्यालय के सूचना केन्द्र से निर्धारित प्रपत्र क्रय कर उसमें दिये निर्देशों के अनुसार प्रमाणित कराकर मूल रूप से आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

(घ) महिला अभ्यर्थियों हेतु 20 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है। महिलाओं के कुल आरक्षित सीट संख्या में से 02 प्रतिशत सीट विधवा/तलाकशुदा महिलाओं को सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है।

### तालिका / Table

| अन्य आश्रित संवर्ग | कोड | अन्य आश्रित संवर्ग | | कोड |
|---|---|---|---|---|
| भूतपूर्व सैनिक आश्रित | 05 | विकलांग अभ्यर्थी | दृष्टिहीन / कम दृष्टि | **11 A** |
| कार्यरत सैनिक आश्रित | **06** | | श्रवण ह्रास | **11 B** |
| स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | 07 | | पालन निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात | **11 C** |
| जम्मू / कश्मीर में तैनात अर्द्धसैनिक के आश्रित | 08 | विश्वविद्यालय (म0गां0का0वि0पी0) के पूर्णकालिक अध्यापक आश्रित | | 12 |
| जम्मू / कश्मीर से विस्थापित के आश्रित | 09 | विश्वविद्यालय (म0गां0का0वि0पी0) के पूर्णकालिक कर्मचारी आश्रित | | 13 |
| महिला | 10 | विधवा / तलाकशुदा (महिला) | | 14 |

नोटः विकलांग अभ्यर्थियों को आरक्षण उनकी विकलांगता का परीक्षण करने के उपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत किया गया प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा।

## 3. भारांक / (Weightage)

### तालिका / Table

### भारांकों की श्रेणी, अंक एवं कोड संख्या

| श्रेणी | श्रेणी का विवरण | अंक | कोड संख्या |
|---|---|---|---|
| "A" | राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय या अन्तर विश्वविद्यालय खेलकूद की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को : | | |
| | **1 . इन्डीविजुअल आइटम के अभ्यर्थी द्वारा** | | |
| | प्रथम स्थान आने पर | 15 | 21 |
| | द्वितीय स्थान आने पर | 10 | 22 |
| | तृतीय स्थान आने पर | 05 | 23 |
| | **2. टीम आईटम्स में** | | |
| | सर्वविजेता (चैम्पियन) टीम का सदस्य होने पर | 15 | 24 |
| | सर्वउपविजेता (रनर्स अप) टीम का सदस्य होने पर | 10 | 25 |
| | प्रतिभागी टीम का सदस्य होने पर | 05 | 26 |
| | **3) किसी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अन्तर महाविद्यालय टूर्नामेन्ट या कीडा या खेलकूद प्रतियोगिताओं में :** | | |
| | सर्वविजेता (चैम्पियन) टीम का सदस्य होने पर | 10 | 27 |
| | इण्डीविजुअल आइटम में प्रथम स्थान होने पर | 10 | 28 |
| | नोट : 1) उपरोक्त 1, 2 एवं 3 के अन्तर्गत आइटम्स में से केवल एक ही आइटम का लाभ दिया जायेगा अर्थात यदि किसी छात्र ने एक से अधिक टीम अथवा आइटम में भाग लिया है तो उसे एक ही टीम /आइटम का लाभ देय होगा। | | |
| | 2) राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खेलकूद अथवा कीडा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये शासन के खेलकूद विभाग द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। | | |
| | 3) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित खेलकूद प्रतियोगिता में आयोजक विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| "B" | **नेशनल कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अभ्यर्थी** | | |
| | 1) नेशनल कैडेट कोर में (सी) प्रमाण पत्र पाने वाले पुरूष अभ्यर्थी तथा जी–2 प्रमाण पत्र पाने वाली महिला अभ्यर्थी को | 15 | 29 |
| | या | | |
| | 2) नेशनल कैडेट कोर में (बी) प्रमाण पत्र पाने वाले पुरूष अभ्यर्थी तथा जी–1 प्रमाण पत्र पाने वाली महिला अभ्यर्थी को | 10 | 30 |
| | या | | |
| | 3) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा एवं 2 विशेष शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को | 15 | 31 |
| | या | | |
| | 4) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा एवं 1 विशेष शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को | 10 | 32 |
| | या | | |
| | 5) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा करने वाले अभ्यर्थी को | 05 | 33 |
| | या | | |
| | 6) स्काउट एवं गाइड्स अथवा रोवर्स/ रेन्जर्स का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थी को | 15 | 34 |
| | या | | |
| | 7) स्काउट एवं गाइड्स का राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त अथवा रोवर्स/रेन्जर्स निपुण अभ्यर्थी को | 10 | 35 |
| | या | | |
| | 8) स्काउट एवं गाइड्स का गुरूपद अथवा रोवर्स/रेन्जर्स तृतीय सोपान में प्रवीण प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी को | 05 | 36 |
| | नोट : 1) उपरोक्त 1 से 8 के अन्तर्गत आइटम्स में से केवल एक ही आइटम का लाभ देय होग ा। 2) किसी भी आइटम के लिये प्रोविजनल प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। 3) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा से तात्पर्य दो शैक्षिक सत्रों में सदस्यता से है। | | |
| "C" | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के नियमित छात्रों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम को छोड़कर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मे प्रवेश हेतु भारांक देय होगा। | 05 | 37 |

**नोट** : 1) **यदि किसी अभ्यर्थी को उपरोक्त ''A''से''C'' तक उल्लिखित मदों में 25 से अधिक अंक प्राप्त होते है तो उसे मात्र 25 अंक का ही लाभ दिया जायेगा और इससे अधिक का नहीं।**

2). **जो अभ्यर्थी इनका भारांक प्राप्त करना चाहते हो तो वे प्रवेशावेदन–पत्र में यथा स्थान भारांक अंकित कर सम्बन्धित भारांक के प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें तथा यथा स्थान उसका कोड भी लिखें।**

## 5. अनुचित साधन का प्रयोग (Use of Unfairmeans)

यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के समय अथवा किसी अन्य स्थिति में किसी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुये पाया जाता है तो उसकी प्रवेश परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी। परीक्षा कक्ष में किसी अन्य अभ्यर्थी से बातचीत करना, निर्धारित केन्द्र, कक्ष अथवा सीट पर न बैठना अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा। इस संबंध में कक्ष निरीक्षक की रिपोर्ट ही पर्याप्त प्रमाण होगी तथा केन्द्राध्यक्ष की रिपोर्ट पर परीक्षा नियंत्रक का निर्णय अंतिम होगा।

## 6. अन्य अर्हताए (Other Eligibility)

वर्तमान में प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शित योग्यता के आधार पर ही प्रवेश होगा परन्तु प्रवेश समिति को अधिकार होगा कि वह किसी एक अथवा एक से अधिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में किसी निर्धारित अंक से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश न लें।

## 7. अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक निर्देश (Important Instruction for candidates)

- सत्र 2015–2016 के सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।
- प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट–**www.mgkvp.ac.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।
- प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।
- परिषदों (कौंसिल) के नियमों से आच्छादित पाठ्यक्रमों जैसे एम0एड0, एल–एल0एम0, एल–एल0बी0, बी0पी0एड0, एम0पी0एड0 आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष की बाध्यता नहीं होगी।
- **इसी प्रकार विश्वविद्यालय के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने हेतु पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष की बाध्यता नहीं होगी।**
- जिन पाठ्यक्रमों मे पात्रता परीक्षा में प्राप्तांक प्रतिशत की बाध्यता नहीं है उनमें प्रवेश के लिए वे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे जिनकी पात्रता परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं होगा, परन्तु बाध्यता यह होगी कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा प्रवेश के लिए काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि पर उन्हें समस्त मूल प्रमाण–पत्रों/अंकपत्रों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में उन्हें प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। उनकी प्रवेश परीक्षा का परिणाम निरस्त करते हुए वरीयता क्रम की सूची से हटा दिया जायेगा।

## 8. प्रवेश परीक्षा के पाठ्यक्रम (Syllabus for Entrance Examination)

विभिन्न विषयों में प्रवेश हेतु सम्बन्धित विषय में अर्हकारी तथा सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाएगें।

## 9. प्रश्नपत्रों के विषय में (About Question Papers)

1. प्रवेश परीक्षा का प्रश्न–पत्र 200 अंकों की तथा हल करने की अवधि 2 घंटे की होगी। परन्तु विषय कोड/विषय 401 (बी0पी0एड0), 402 (एम0पी0एड0), 103 (बी0म्यूज0), 104 (बी0एफ0ए0), 214 (एम0एफ0ए0) तथा 218 (एम0म्यूज0) में लिखित परीक्षा के अतिरिक्त 100 अंको की व्यवहारिक परीक्षा होगी। व्यवहारिक परीक्षा में प्राप्त अंकों को लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के साथ जोड़कर मेरिट सूची बनायी जायेगी। व्यावहारिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। व्यावहारिक परीक्षा की तिथि तथा समय की सूचना लिखित परीक्षा के समय दी जायेगी।
2. पाठ्यक्रम कोड **501** से **508** के प्रवेश परीक्षा में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न सामान्य ज्ञान के एवं 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न विषय से सम्बन्धित होगें।

**10.** प्रत्येक अभ्यर्थी को वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश सूचना के आधार पर आनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना होगा।

## 11. काउन्सिलिंग हेतु विशेष निर्देशः–(Instructions for Councelling)

परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त जिन अभ्यर्थियों को कांउसिलिंग हेतु बुलाया जायगा, इसकी सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mgkvp.ac.in** पर उपलब्ध होगी।

*************